बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

134

CIN-U31900BR1978SGC001317 (बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक:- MP-880/23 दिनांक:-26.10.23

सेवा में,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी,
सिंचाई बैरक-1, हार्डिंग रोड, पटना।

विषयः बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के जिला स्तरीय कार्यपालक सहायक के पैनल में प्रतिक्षारत रह गए अभ्यर्थीगण एवं विभिन्न कार्यालयों से नियोजन मुक्त/ वापस किये गये कार्यपालक सहायकों के बेल्ट्रॉन दक्षता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात के०वाई०सी० (KYC) किये जाने की तिथि बढ़ाने हेतु कार्यालय-आदेश को बेल्ट्रॉन वेबसाईट पर किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के जिला स्तरीय कार्यपालक सहायक के पैनल में प्रतिक्षारत रह गए अभ्यर्थीगण एवं विभिन्न कार्यालयों से नियोजन मुक्त/ वापस किये गये कार्यपालक सहायकों के बेल्ट्रॉन दक्षता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात के०वाई०सी० (KYC) किये जाने की तिथि बढ़ाने हेतु कार्यालय-आदेश इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

इसी क्रम में यह भी अवगत कराना है कि BPSM के जिला स्तर पर कार्यपालक सहायक पैनल में प्रतिक्षारत रह गए अभ्यर्थीगण का सुधार हेतु यथा- अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म-तिथि आदि में सुधार हेतु अभ्यर्थी के पूर्ण डाटा के साथ संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/ जिला पदाधिकारी को बेल्ट्रॉन के ई-मेल vijay_sinha1963@yahoo.com पर उपलब्ध कराने हेतु संसूचित करना चाहेगें ताकि ससमय सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए के०वाई०सी०(KYC) की प्रक्रिया को पूर्ण कराया जा सके।

अनु०:- यथावर्णित।

विश्वासभाजन
26/10/2023
महाप्रबंधक

बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना-800023
दूरभाष सं०:-0612-2281815 / 9262994967 / 9262994968 E-mail ID: centre.callbeltron@gmail.com

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

CIN-U31900BR1978SGC001317 (बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक:- MP-882/23 दिनांक:- 26.10.23

कार्यालय-आदेश

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी से जिला स्तर पर कार्यपालक सहायक के पैनल में प्रतिक्षारत रह गए अभ्यर्थीगण एवं विभिन्न कार्यालयों से नियोजन मुक्त/ वापस किये गये वैसे कार्यपालक सहायक जिन्होंने बेल्ट्रॉन की दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उनको के०वाई०सी०(KYC) की प्रक्रिया पूर्ण किये जाने हेतु निगम पत्रांक-MP-819/23 दिनांक-09.10.2023 द्वारा बेल्ट्रॉन के वेबसाईट माध्यम पर दिनांक-27/10/2023 तक पूर्ण किया जाना था जिसे बढ़ाकर एक अंतिम अवसर देते हुए दिनांक-**31/10/2023** किया जाता है। इस संबंध में विस्तृत सूचना पूर्व में बेल्ट्रॉन की वेबसाईट पर भी प्रेषित की गई है।

ह०/-
महाप्रबंधक
बी०एस०ई०डी०सी०लि०(बेल्ट्रॉन), पटना-23

बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना-800023
दूरभाष सं०:--0612--2281815 / 9262994967 / 9262994968 E-mail ID: centre.callbeltron@gmail.com